





# सेही को मारकर खाने की फिराक में थे, तीन आरोपियों को वन विभाग ने पकड़ा

## मुखबीर की सूचना पर हुई कार्रवाई, आरोपियों से हो रही पूछताछ

**शाजापुर, 15 दिसंबर. वन विभाग ने सेही का शिकार कर उसे खाने की फिराक में घूम रहे तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है. वन विभाग को यह सफलता मुखबीर की सूचना पर मिली है. अब विभागीय अधिकारी आरोपियों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रहे हैं. अधिकारियों ने बदमाशों से एक स्कूटी भी बरामद की है.**

जानकारी के अनुसार रविवार को दिल्लोद निवासी ऋषिराज पिता सुरेसिंह प्याज के खेत में कुछ काम कर रहा था. जहां उसने देखा कि एक सेही उसके प्याज को नुकसान पहुंचा रही है. इस पर उसने पत्थर से उसे मार दिया. उसके मरने के बाद में उसने अपने एक निजी चिकित्सक भेरुलाल को सूचना दी, जिसने उसे सेही के मामले में अलग ही जानकारी दी और बताया कि इसका ज्यूस पीने से काफी फायदा होता है. इस पर इन्होंने अपने एक और साथी को अपने साथ लिया और लोंदिया रोड पर एक ढाबे वाले के पास पहुंचे. जहां उसे बताया कि हमें इसे काटना नहीं आता. आप इसके कांटे उतारकर इसे पकाकर हमें दे दो. आधा आप रख लेना और बाकी हम लोग ले लेंगे, लेकिन आरोपी अपने प्लान में कामयाब हो पाते, इसके पहले ही इसकी सूचना वन विभाग तक पहुंच गई, जिन्होंने तीनों आरोपियों को पकड़ लिया. पूछताछ में ऋषिराज ने बताया कि वह इस सेही से काफी परेशान हो चुका था, जो आए दिन उसके प्याज को नुकसान पहुंचा रही थी. इसलिए उसने इसे भगाने का प्रयास किया था, लेकिन वह मर गई. वन विभाग ने भेरूलाल पिता बालचंद्र 55 निवासी ज्योतिनगर, ऋषिराज पिता सुरेसिंह 18 निवासी दिल्लोद व कपिल पिता मनोहर सिंह 21 निवासी दिल्लोद को गिरफ्तार किया है. इस कार्रवाई में उप वन मंडलाधिकारी एफएस नीनामा, मोहनलाल विश्वकर्मा, सचिन पाटीदार, प्रदीप मंडलोई, डिप्टी रेंजर ललित उपाध्याय, डिप्टी रेंजर अशोकसिंह बघेल की सराहनीय भूमिका रही.



### अफवाहों के चलते लुप्त होता जा रहा प्राणी

सेही को लेकर कई तरह की अफवाहें प्रचलित हैं. कहा जाता है कि इसका ज्यूस पीने से शरीर को काफी फायदा होता है. वहीं यह भी कहा जाता है कि इसका मूल्य भी बहुत होता है. जिसके चलते बहुतायत में पाया जाने वाला यह सुंदर प्राणी अब अपनी पहचान खोता जा रहा है. इन लोगों ने भी इसे पकाकर खाने की योजना बनाई थी.

### इनका कहना है

*सेही का शिकार करने वाले तीन आरोपियों को पकड़ा है. जानवर का पीएम किया जा रहा है. आरोपियों से पूछताछ कर आगे की कार्रवाई की जाएगी.*

***- एफएस निनामा, उप वन मंडलाधिकारी-शाजापुर***

## एक नजर में

### पुलिस ने शुरू किया सृजन अभियान



**शाजापुर, 15 दिसंबर.** सोमवार को पुलिस लाइन में पुलिस प्रशासन द्वारा सृजन एक पहल शक्ति से सुरक्षा की ओर अभियान का शुभारंभ किया गया. पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार शुरू किया गया यह 15 दिवसीय विशेष कार्यक्रम है. इसका मुख्य उद्देश्य स्कूल नहीं जाने वाले और अशिक्षित बच्चों को समाज की मुख्यधारा से जोड़कर उन्हें निर्भीक, अनुशासित और जिम्मेदार नागरिक बनाना है. अभियान के पहले दिन स्कूली बच्चों के साथ-साथ उन बच्चों को भी पुलिस लाइन लाया गया, जो स्कूल नहीं जाते. यहां बच्चों को प्रारंभिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिसमें शारीरिक सशक्तिकरण, अनुशासन, आत्मविश्वास और नागरिक कर्तव्यों से संबंधित जानकारी शामिल थी. एडिशनल एसपी घनश्याम मालवीय ने बताया कि यह अभियान पुलिस मुख्यालय से प्राप्त निर्देशों के तहत चलाया जा रहा है. इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों को स्कूल तक पहुंचाना, उन्हें भयमुक्त वातावरण प्रदान करना और उनके उज्वल भविष्य की नींव रखना है. उन्होंने कहा कि 15 दिनों तक चलने वाले इस अभियान में बच्चों को शारीरिक रूप से मजबूत बनाने के साथ-साथ एक अच्छा और निर्भिक नागरिक बनने का प्रशिक्षण दिया जाएगा. उन्होंने बताया कि प्रत्येक बच्चे से व्यक्तिगत रूप से संवाद किया गया है. बच्चों की इच्छाएं पुलिस, डॉक्टर या कलेक्टर बनने की हैं. सभी बच्चों की करियर काउंसलिंग की जाएगी और उन्हें विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की जानकारी देकर आगे का मार्गदर्शन दिया जाएगा, ताकि उनका भविष्य सुरक्षित और उज्वल बन सके.

### हरदा जनक्रांति आंदोलन के लिए पदयात्रा शुरू



**शाजापुर, 15 दिसंबर.** हरदा में 21 दिसंबर को प्रस्तावित जन क्रांति आंदोलन को सफल बनाने के उद्देश्य से शाजापुर जिले के मोहन बड़ोदिया तहसील के ग्राम जमलाय से दो युवाओं ने पदयात्रा शुरू की है. नरेंद्र सिंह राजपूत और राहुल सिंह राजपूत सोमवार सुबह 8 बजे जमलाय से हरदा के लिए पैदल रवाना हुए. यह आंदोलन करणी सेना परिवार के राष्ट्रीय अध्यक्ष जीवन सिंह शेरपुर के नेतृत्व में होगा. पदयात्रा की शुरुआत पर ग्राम जमलाय में करणी सेना परिवार और सर्व समाज के लोगों ने युवाओं का पुष्पमालाओं से भव्य स्वागत किया. उन्होंने युवाओं का उत्साहवर्धन भी किया. यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर समर्थकों द्वारा उनका स्वागत किया गया. इसी क्रम में करणी सेना परिवार के जिला संयोजक भीमसिंह डूंगरगांव अपनी टीम के साथ युवाओं के स्वागत के लिए पहुंचे. टीम में धर्मेंद्र सिंह राजपूत, शिवराज सिंह राजपूत और धर्मेंद्र सिंह शामिल थे, जिन्होंने पुष्पमालाएं पहनाकर दोनों युवाओं का अभिनंदन किया. युवाओं ने बताया कि जन क्रांति आंदोलन समाज की आवाज को मजबूती देने का एक माध्यम है. उन्होंने कहा कि इस आंदोलन को सफल बनाना प्रत्येक जागरूक नागरिक की जिम्मेदारी है. पदयात्रा के माध्यम से वे लोगों को आंदोलन से जोड़ने और जनसमर्थन जुटाने का प्रयास कर रहे हैं.

### सुनीता देवी गुप्ता का निधन



**मक्सी, 15 दिसंबर.** मक्सी नगर के वरिष्ठ प्रधान अध्यापक विमल गुप्ता की धर्मपत्नी एवं समाजसेवी सपन गुप्ता की माता जी सुनीता देवी गुप्ता का गंभीर बीमारी के चलते गत दिवस निधन हो गया. अंतिम यात्रा में शाजापुर विधायक अरुण भीमवाद, तराना विधायक महेश परमार, भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. रवि पांडे, देवास नपा अध्यक्ष दुर्गेश अग्रवाल, देवास नगर निगम के सभापति रवि जैन, मक्सी नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि मोहन सिंह पटेल, भाजपा मक्सी मंडल अध्यक्ष गोविंद गोलू पटेल, चंद्रवंशी खाती समाज के अध्यक्ष लीलाधर मंडलोई, मक्सी नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष प्रतिनिधि मेहरबान सिंह पटेल, कनासिया मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र डॉन, उज्जैन जिला पंचायत सदस्य ईश्वर जिगर, मक्सी नगर पालिका उपाध्यक्ष मोड़ सिह लोधी, भाजपा मक्सी मंडल महामंत्री सुनील नानू पंड्या आदि जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी, परिजन एवं नागरिक शामिल हुए. सभी ने उनके निवास पर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की.

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने फूंका मंत्री विजय शाह का पुतला

## रतलाम में लाड़ली बहना योजना को लेकर दिया था विवादित बयान

**शाजापुर,15 दिसंबर. रतलाम में लाड़ली बहना योजना को लेकर विजय शाह द्वारा दिए गए कथित विवादित बयान के विरोध में शहर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने प्रदर्शन किया. बस स्टैंड पर भाजपा मंत्री विजय शाह के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मंत्री शाह की तत्काल बर्खास्तगी की मांग की.**

सोमवार शाम को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शहर के बस स्टैंड विजय शाह के पोस्टर पर प्रतीकात्मक रूप से स्याही डाली और बाद में पोस्टर जलाकर अपना विरोध दर्ज कराया. कांग्रेस कार्यकर्ता लाड़ली बहनों के सम्मान में कांग्रेस मैदान में, मंत्री विजय शाह को बर्खास्त किया जाए, जैसे संदेश वाले बैनर लेकर प्रदर्शन करने सड़कों पर उतरे. ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इरशाद खान ने कहा कि भाजपा मंत्री विजय शाह लगातार महिलाओं का अपमान कर रहे हैं. उन्होंने आरोप लगाया कि रतलाम में शाह ने लाड़ली बहनों को धमकी दी और योजना की राशि को राजनीतिक शर्तों से जोड़ने का बयान दिया, जबकि यह राशि मध्य प्रदेश शासन की है. खान ने मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव से मांग की कि यदि सरकार महिलाओं के सम्मान को लेकर गंभीर है, तो विजय शाह पर तत्काल कार्रवाई कर उन्हें मंत्री पद से हटाया जाए. इस दौरान आशुतोष शर्मा, सत्या वात्रे, धर्मेंद्र प्रजापति, इरशाद नागौरी, अंकित अम्बावतिया सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे.






# सुबह घना कोहरा, दिनभर शीतलहर, ठिठुर रहे शहरवासी

## तापमान में हो रही गिरावट, सर्द हवाओं की गति बढ़ी



**शाजापुर, 15 दिसंबर. कुछ दिनों की राहत के बाद सर्दी ने फिर पलटवार किया है, जिससे लोगों की ठिठुरन बढ़ गई है. सोमवार को भी सुबह से शाम तक सर्द हवाएं चली, जिससे मौसम सर्द हो गया. इस दिन सुबह 9 बजे तक घना कोहरा छाया रहा. साथ ही तापमान में भी गिरावट हुई, तो सर्द हवाओं की गति भी बढ़ी, जिसके चलते लोगों को सुबह से देर रात तक गर्म कपड़ों और अलाव के सहारे दिन गुजारना पड़ा.**

सुबह जब लोगों की नींद खुली, तो उनके सामने घना कोहरा छाया हुआ था, जिसके सामने कुछ भी देख पाना संभव नहीं हो पा रहा था. सुबह 9.30 बजे तेज धूप खिलने के बाद कोहरा तो छंट गया, लेकिन सर्द हवाओं ने धूप में भी लोगों को सर्दी से राहत नहीं लेने दी. इस दिन 13 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से सर्द हवाएं चलती रही. वहीं इस दिन तापमान भी 30.1 डिग्री से घटकर 28.1 डिग्री दर्ज किया गया. मौसम विशेषज्ञ सत्येंद्र धनोतिया ने बताया कि अब मौसम सर्द ही रहेगा. वहीं तापमान बढ़ने की संभावना नहीं है. वहीं कोहरा भी प्रतिदिन छाएगा.

### अलाव के सहारे गुजर रही रातें

दिन में ही नहीं बल्कि रात में भी सर्द हवाओं का सामना कर रहे हैं. जिसके चलते लोगों को अब रात में अलाव का सहारा लेना पड़ रहा है. रात में भी कोहरा छाने से सर्दी बढ़ने लगी है. जिसके चलते नगर के चौराहों पर अब अलाव नजर आने लगे हैं, जिससे लोग सर्दी से राहत पाने का प्रयास कर रहे हैं.

# दिव्यांगजनों को आत्म निर्भर बनाने के लिए हो रहे प्रयास

## जनपद पंचायत में वाश ऑन व्हील अंतर्गत स्वच्छता किट वितरण

**शुजालपुर, 15 दिसंबर. स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में व्यक्तिगत एवं सामुदायिक स्वच्छता परिषद और व्यक्तिगत शौचालय की साफ-सफाई के लिए मध्य प्रदेश शासन द्वारा शुरू की गई वाश ऑन व्हील सेवा अंतर्गत स्वच्छता किट का वितरण जनपद पंचायत शुजालपुर में आयोजित कार्यक्रम में उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार एवं नगर पालिका शुजालपुर की अध्यक्ष बबीता परमार के माध्यम से वितरित किया गया.**



जनपद पंचायत शुजालपुर के सीईओ डीआरएस राणा ने बताया कि वॉश ऑन व्हील सेवा मांग एवं पूर्ति पर आधारित है ग्रामीण क्षेत्रों में व्यक्तिगत शौचालय की सफाई के लिए सफाई करने पर 50 का शुल्क निर्धारित किया गया है. वहीं सामुदायिक स्वच्छता परिसर शाला अथवा आंगनवाड़ी शौचालय की साफ सफाई के लिए 250 रुपए शुल्क शासन द्वारा निर्धारित किया गया है, वाश ऑन व्हील सुविधा से मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से कोई भी ग्रामीण इस सेवा का लाभ घर बैठे प्राप्त कर सकता है. जनपद पंचायत शुजालपुर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से जनपद अध्यक्ष सीताबाई रामचन्द्र पाटोंदिया, जनपद उपाध्याय प्रतिनिधि, अशोक नायक, विजय बेस सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और जनपद स्टाफ उपस्थित रहा.

**दिव्यांग बच्चों की प्रतियोगिताएं आयोजित- शुजालपुर,** जनपद शिक्षा केंद्र शुजालपुर में विश्व दिव्यांग दिवस सोमवार को मनाया गया. इस अवसर पर दिव्यांग बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें चित्रकला, नृत्य, 100 मीटर दौड़, चेयर रेस आदि प्रतियोगिताएं हुई. जिसमें बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया. कार्यक्रम के अंत में जनपद शिक्षा केंद्र शुजालपुर की ओर से सभी प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कार एवं ट्रैकसूट वितरित किए गए.

### दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण किए भेंट

जनपद पंचायत परिसर में दिव्यांगजनों के लिए सहायक उपकरणों का वितरण सोमवार को उच्च शिक्षा मंत्री इंदरसिंह परमार के आतिथ्य में किया गया. इस दौरान चयनित 39 दिव्यांगों को विभिन्न उपकरण वितरित किए गए. दिव्यांगजनों को बैटरी चलित बाइक, ट्रायसिकल व श्रवण यंत्र आदि वितरित किए गए. उच्च शिक्षा मंत्री परमार ने कहा कि दिव्यांगजनों को आत्म निर्भर बनाने के लिए उन्हें रोजगार प्रदान करने पर ध्यान दिया जा रहा है. आपने कहा कि दिव्यांगता कोई कमजोरी नहीं वे अपने होसलों से अपनी काबिलियत साबित कर रहे हैं. इन दिव्यांगजनों का चयन पिछले दिनों आयोजित हुए निकायों में शिविर के माध्यम से एलिम्को ने किया था.

# शिविर में एक हजार मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण

## मेड़तवाल समाज मिशन परिचय टीम के तत्वावधान में हुआ आयोजन

**सोयतकलां, 15 दिसंबर. सोमवार को मेडतवाल समाज व टीम परिचय सम्मेलन के तत्वावधान में विशाल नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन सप्त ऋषि व्यवसायिक परिसर में आयोजित किया गया. जिसमें सोयत सहित अन्य क्षेत्रों के करीब एक हजार मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया.**



शिविर में डॉ. रितेश गुप्ता इंदौर हृदय रोग विशेषज्ञ, डॉ. निर्मल गुप्ता कोटा वरिष्ठ विशेषज्ञ बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी, डॉ. आरवी गुप्ता कोटा वरिष्ठ विशेषज्ञ निसंतान स्त्री रोग, डॉ. नयन गुप्ता इंदौर कैंसर रोग, डॉ. अतुल गुप्ता इंदौर हड्डी रोग विशेषज्ञ, डॉ. निलेश गुप्ता भवानी मंडी नेत्र रोग विशेषज्ञ, डॉ. रीता गुप्ता इंदौर शुगर एवं थायराइड रोग विशेषज्ञ शिशु रोग विशेषज्ञ, डॉ. ब्रजमोहन गुप्ता ब्यावर, डॉ. सुमित सिंधी खिलचीपुर स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर विनीत गुप्ता कोटा, डॉक्टर सौम्या गुप्ता ग्वालियर, डॉक्टर प्रियदर्शनी सराफ खिलचीपुर, डॉक्टर सलोनी गुप्ता जीरापुर जनरल फिजिशियन विशेषज्ञ, डॉक्टर आयुष गुप्ता सोयतकलां, डॉ. सचिन गुप्ता जीरापुर, डॉक्टर तुषार गुप्ता खिलचीपुर, डॉक्टर सागर गुप्ता राजगढ़, डॉ. राधिकेश गुप्ता सुनील फिजियोथैरेपी विशेषज्ञ, डॉक्टर अविनाश गुप्ता सुठालिया ब्यावरा होम्योपैथिक एवं साइटिका विशेषज्ञ दंत रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर सौरभ गुप्ता जीरापुर, डॉक्टर निलेश गुप्ता झालावाड़ ने अपनी सेवाएं दी.

## एक नजर में

### जल संरक्षण अभियान अंतर्गत नागझिरी में किया बोरी बंधान

# हर गांव में सामूहिक प्रयास से जल संरक्षण किया जाए : नागर

**शाजापुर, 15 दिसंबर. मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद ब्लॉक मोहन बड़ोदिया जिला शाजापुर के अंतर्गत सेक्टर बिजाना की नवांकुर संस्था कृषि जगत प्रणाली वाटरशेड फॉर्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड द्वारा ग्राम नागझिरी में जल संरक्षण अभियान के अंतर्गत बोरीबंधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया.**




कार्यक्रम में जिला समन्वयक विष्णु प्रसाद नागर एवं नवांकुर संस्था के प्रतिनिधि दिनेश कलमोदिया की उपस्थिति रही. साथ ही ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के समस्त सदस्य एवं ग्राम नागझिरी के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे. सायं 4.30 बजे मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व विकास पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राएं भी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए तथा सभी के सहयोग से सायंकालीन समय में बोरीबंधान का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हुआ. इस अवसर पर जिला समन्वयक विष्णु प्रसाद नागर द्वारा उपस्थित सभी लोगों को जल संरक्षण का महत्व समझाया गया तथा मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् द्वारा निरंतर संचालित जल संरक्षण गतिविधियों की जानकारी दी गई. समाज के सभी लोगों को जल संरक्षण हेतु प्रेरित करते हुए यह आह्वान किया गया कि प्रत्येक गांव में सामूहिक प्रयासों से जल संरक्षण के कार्य किए जाएं, जिसमें सभी का सहयोग अपेक्षित है.

### विद्यार्थियों द्वारा किए गए कार्य की जानकारी दी ...

कार्यक्रम में प्रयोगशाला गांवों में सीएमसीएलडीपी छात्र-छात्राओं द्वारा किए जाने वाले कार्यों जैसे बोरीबंधान, सोखता गड्ढा निर्माण, जल का पुन: उपयोग, जल को प्रदूषण से बचाना, गांव का पानी गांव में, किचन गार्डन का उपयोग आदि विषयों पर विस्तार से जानकारी प्रदान की गई. उक्त कार्यक्रम में मंजू चौहान, प्रियंका चौहान, सलोनी चौहान, विजेंद्र, चेतन राजपूत, सचिन, वृषभ, नरेंद्र, सुमित आदि की सक्रिय सहभागिता रही. साथ ही मेंटर्स श्रीमती कामिनी शर्मा, जितेन्द्र राजपूत, श्रीमती सोना राजपूत एवं महेश सिसोदिया का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ. नवांकुर संस्था के अध्यक्ष दिनेश कलमोदिया ने आभार माना एवं सभी को जल संरक्षण की शपथ दिलाई.

### शुजालपुर में पांच दिनों से नहीं हुआ जल प्रदाय

**शुजालपुर, 15 दिसंबर.** गांधी कॉलोनी में बनी पानी की टंकी से जितने भी क्षेत्रों में जल प्रदाय किया जाता है, इन क्षेत्रों में पिछले पांच दिनों से जल प्रदाय नहीं हुआ. यह स्थिति जल प्रदाय की लाइन क्षतिग्रस्त होने से निर्मित हुई. मंडी क्षेत्र की अंबिका बाजार, शंकर कॉलोनी, ब्रजनगर, चित्रांश नगर, कंघी मोहल्ला, गांधी कॉलोनी, पं. लीलाधर जोशी नगर व अन्य कुछ क्षेत्रों में बुधवार को जल प्रदाय हुआ था. इसके बाद दो दिन छोड़कर नलों से पानी मिलना था, लेकिन सोमवार तक जल प्रदाय नहीं हो सका. फोरलेन मार्ग पर पिछले कुछ दिनों से नाले का निर्माण किया जा रहा है, जिसके लिए की गई खुदाई के कारण जल प्रदाय की लाइन क्षतिग्रस्त हो गई. यह लाइन तीन दिवस पूर्व क्षतिग्रस्त हुई थी, जिसको नपा अमला सामाग्री के अभाव में अभी तक दुरुस्त नहीं कर सका.